दिन– रविवार दिनांक– 09 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नरेन्द्र मोदी आज तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ। शाम सात बजकर पन्द्रह मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा शपथ ग्रहण समारोह।

02. केन्द्रीय मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी हुई तेज। चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, नित्यानंद राय और गिरिराज सिंह के मंत्रिमंडल में शामिल होने की प्रबल सम्भावना।

03. शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट के पन्द्रह सौ से अधिक उम्मीदवारों को ग्रेस अंक दिए जाने की समीक्षा के लिए एक पैनल गठित किया।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में भीषण लू की स्थिति। बक्सर पैंतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह आज शाम सात बजकर पन्द्रह मिनट से राष्ट्रपति भवन में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। श्री मोदी ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया था। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। श्री मोदी ने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने देश को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार देश का तेज गति से विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

–––बाईट–––

मैं देशवासियों को विश्वास देता हूं कि पिछले दो टर्म में जिस गति से देश आगे बढ़ा है, समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन साफ–साफ नज़र आ रहा है। 25 करोड लोगों का गरीबी से बाहर आना ये अपने आप में हर भारतीय के लिए बड़ा गर्व का विषय है।

श्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पड़ोसी देशों के विभिन्न नेताओं को आमंत्रित किया गया है। विदेश

मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे भी समारोह में भाग लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि समारोह में भाग लेने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ नई दिल्ली पहुंच गये हैं।

———बाईट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नेताओं की यात्रा भारत द्वारा अपनी पडोसी पहले नीति और सागर दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए है। यह नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगे। दिल्ली पुलिस ने शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए कडी सुरक्षा व्यवस्था की है। समारोह के दौरान दिल्ली के ऊपर पैरा–ग्लाइडर, पैरा–मोटर्स, हैंग–ग्लाइडर, मानव रहित हवाई वाहन और गर्म हवा के गुब्बारे सहित उप–पारम्परिक हवाई उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंध नौ और दस जून लागू रहेगा। अकाशवाणी समाचार के लिए दिल्ली से मैं सुपर्णा सैकिया।

---

शपथ ग्रहण समारोह का आकाशवाणी सीधा प्रसारण करेगा। यह प्रसारण दिल्ली के एफएम गोल्ड, इंद्रप्रस्थ और आकाशवाणी लाइव न्यूज चौनल पर शाम पौने सात बजे से किया जायेगा। आकाशवाणी के यू–टयूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

---

प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत श्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले दिल्ली के राजघाट स्थ्ति महात्मा गांधी के समाधी स्थल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद श्री मोदी अटल स्मृति स्थल पहुंचे और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।

---

मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। एनडीए में शामिल विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता मंत्रियों की सूची तैयार करने में जुटे हुये हैं। भाजपा अध्यक्ष जे0पी0 नड्डा ने जदयू, लोजपा, रामविलास, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के नेता के साथ मंत्रिमंडल गठन को लेकर गहन विचार–विमर्श किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार से कुछ सांसदों को मंत्री बनाया जा सकता है। इनमें भाजपा कोटे से गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय और संजय जायसवाल के नामों की चर्चा है। वहीं, जदयू से ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, संजय झा भी संभावितों में शामिल हैं। इधर, लोजपा राम विलास के चिराग पासवान और हम प्रमुख जीतन राम मांझी का केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होना तय माना जा रहा है।

---

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुन लिया गया है। पार्टी नेता राजीव शुक्ला ने नई दिल्ली में बताया कि श्रीमती गांधी ने यह पद स्वीकार कर लिया है। इससे पहले कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी नेता राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने का अनुरोध करने का प्रस्ताव भी पारित किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल ने बैठक के बाद कहा कि कार्यसमिति का मानना है कि राहुल गांधी का नेतृत्व एक मजबूत तथा सतर्क विपक्ष की भूमिका निभायेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि हाल के चुनाव से कांग्रेस को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य स्तर पर चुनाव में प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषण करेगी। इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों को जीत की बधाई दी।

---

घरेलू उपभोग व्यय पर सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सर्वेक्षण में पाया गया है कि ग्रामीण भारत का औसत मासिक पूंजीगत व्यय अगस्त दो हजार बाईस से जुलाई दो हजार तेईस की अवधि में शहरी भारत की तुलना में इकहत्तर प्रतिशत कम है। इस सर्वेक्षण में कहा गया है कि ग्रामीण भारत में  समीक्षाधीन अवधि में मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय यानी एमपीसीई औसतन तीन हजार सात सौ तिहत्तर रुपये रहा। इस अवधि के दौरान शहरी भारत का औसत अनुमानित एमपीसीई छह हजार चार सौ उनसठ रुपये रहा। सर्वेक्षण में कहा गया है कि 2022–23 की अवधि में, ग्रामीण भारत ने अपने घरेलू उपभोग व्यय का 46 प्रतिशत भोजन पर खर्च किया। इसमें पेय पदार्थ, जलपान और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का योगदान सबसे अधिक रहा है, इसके बाद दूध और दूध से बने उत्पाद और सब्जियां हैं। शहरी भारत में, एमपीसीई में भोजन का योगदान लगभग 39 प्रतिशत रहा है और इसमें भी ग्रामीण भारत के समान, पेय पदार्थ, जलपान और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का योगदान सबसे अधिक रहा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय 1950 में अपनी स्थापना के बाद से नियमित रूप से घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण आयोजित कर रहा है।

---

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में भीषण लू की स्थिति बनी हुई है। सुबह से ही लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अधिकतर स्थानों पर पारा बयालीस डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान पैंतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द

पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी भागों में अनेक स्थानों पर लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है।

–––बाईट–––

इधर, लू के कारण राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में जन–जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

---

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट के पन्द्रह सौ से अधिक उम्मीदवारों को ग्रेस अंक दिए जाने की समीक्षा के लिए एक पैनल गठित किया है। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित की गई थी और इसके परिणाम इस महीने की चार तारीख को घोषित किए गए थे। परीक्षा में परीक्षार्थियों के ज्यादा अंक और ज्यादा टॉपर से संबंधित मुद्दों पर एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मुद्दा नीट परीक्षा के चार हजार सात सौ पचास केंद्रों में से उन छह केंद्रों और एक हजार छह सौ परीक्षार्थियों से संबंधित है जिनका समय गलत प्रश्नपत्र वितरित करने के कारण नष्ट हो गया था। उन्होंने कहा कि एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है जो इन परीक्षार्थियों को दिए गए ग्रेस अंकों की समीक्षा करेगी।

–––बाईट–––

इसको फिर से एक रिविजिट करने के लिए हमने एक कमेटी बनाई है। 24 लाख में से 23 लाख बच्चों जो कुछ एपीएज हुए थे, इसमें से केवल 1600 बच्चों का इशु है। चार हजार सात सौ पचार सेंटर के बजाए यह छह सेंटर का इशु है। तो हमारी कमेटी एग्जामिन करेगी और इसके ऊपर जो रेकमंडेशन आएंगी उसके उपर हम निर्णय लेंगे।

---

प्रदेश के चार विश्वविद्यालयों में नये कुलपतियों की नियुक्ति की जायेगी। इनमें पूर्णियां, मुंगेर, नालंदा खुदा विश्वविद्यालय और बिहार एनिमल विश्वविद्यालय शामिल है। राज्यभवन की ओर जारी विज्ञापन में कहा गया है कि आवेदन की अंतिम तिथि अट्ठाईस जून निर्धारित है। कुलपति पद के लिए अधिकतम आयु सड़सठ वर्ष रखी गयी है। कुलपति पद के लिए प्रोफेसर के रूप में दस साल का अनुभव भी अनिवार्य किया गया है।

---

जेईई एडवांस परीक्षा का परिणाम आज जारी किया जायेगा। साथ ही मुख्य परीक्षा का आंसर–की भी जारी की जायेगी। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद आईआईटी और एनआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली काउंसलिंग कल से शुरू हो जायेगा।

---

रेलवे ने आज आयोजित होने वाली आईटीआई परीक्षा में शामिल हो रहे अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना आने के लिए रांची, टाटा, रक्सौल, कटिहार और गया से परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। वहीं, मुजफ्फरपुर से छपरा के लिए भी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

---

प्रदेश में एक अप्रैल से लागू नई बिजली दर को लेकर बिजली कम्पनी ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर की है। कम्पनी ने कहा है कि आयोग ने नुकसान का कम आकलन किया है, इसके कारण बिजली कम्पनी की आय में अधिक वृद्धि दिखा रही है। गौरतलब है कि अप्रैल से लागू नई बिजली दर में आयोग ने लगभग दो प्रतिशत की कमी की थी। इसके कारण सभी श्रेणियों के बिजली दर में पन्द्रह पैसे प्रति यूनिट की कमी हुई है। कम्पनी की याचिका पर आयोग ने कहा है कि पुनर्विचार याचिका पर आम लोगों से राय ली जायेगी। इसके बाद ही आयोग कम्पनी क पुनर्विचार याचिका पर कोई निर्णय लेगा।

---

आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में आज टीम इंडिया का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मुकाबला न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने देश में एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– शपथ ग्रहण आज, देश को अब मोदी के नए मंत्रिमंडल का इंतजार।

दैनिक जागरण लिखता है– मोदी आज तीसरी बार लेंगे पीएम पद की शपथ। नेहरू के रिकॉर्ड की करेंगे बराबरी।

दैनिक भास्कर ने भी शपथ ग्रहण से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– रिकॉर्ड शपथ पर मोदी, चौबीस साल–सातवीं बार शपथ। अखबार लिखता है– मैं नरेन्द्र दामोदर दास मोदी।

प्रभात खबर का शीर्षक है– केन्द्र में नई सरकार, बिहार से जदयू–भाजपा से बराबर की संख्या में होंगे मंत्री।

आज अखबार की सुर्खी है—सोनिया बनी कांग्रेस संसदीय दल की नेता। राहुल को लोकसभा का नेता बनाने का प्रस्ताव मंजूर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. नरेन्द्र मोदी आज तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ। शाम सात बजकर पन्द्रह मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा शपथ ग्रहण समारोह।

02. केन्द्रीय मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी हुई तेज। चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, नित्यानंद राय और गिरिराज सिंह के मंत्रिमंडल में शामिल होने की प्रबल सम्भावना।

03. शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा—नीट के पन्द्रह सौ से अधिक उम्मीदवारों को ग्रेस अंक दिए जाने की समीक्षा के लिए एक पैनल गठित किया।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में भीषण लू की स्थिति। बक्सर पैंतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।